दिन– बुधवार | दिनांक– 18 / 02 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधि– 15 मिनट

---

01. निर्वाचन आयोग ने बिहार समेत दस राज्यों में राज्यसभा की सैंतीस सीटों के लिए चुनाव की तारीख घोषित की। मतदान सोलह मार्च को होगा।

02 विधानसभा में ग्रामीण कार्य विभाग का ग्यारह हजार तीन सौ बारह करोड़ रुपये से अधिक का बजट पारित।

03. पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव के लिए नामांकन का कार्य आज समाप्त। अध्यक्ष पद के लिए सोलह उम्मीदवारों ने भरा पर्चा।

04. और, इस्लामिक कैलेंडर के पवित्र महीने रमजान का चाँद देखा गया। कल पहला रोजा रखा जाएगा।

---

निर्वाचन आयोग ने आज बिहार समेत दस राज्यों में राज्यसभा की सैंतीस सीटों के लिए चुनाव की तारीख की घोषणा कर दी है। चुनाव की अधिसूचना छब्बीस फरवरी को जारी होगी। नामांकन पांच मार्च तक दाखिल किए जा सकते हैं। मतदान सोलह मार्च को कराया जाएगा। नौ अप्रैल को राज्य के पांच सांसदों का कार्यकाल खत्म हो रहा है। इनमें जदयू कोटे के सांसद और राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश और केंद्रीय मंत्री रामनाथ ठाकुर, राजद के प्रेमचंद गुप्ता और अमरेन्द्रधारी सिंह तथा रालोमो अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा के नाम शामिल हैं।

---

बिहार विधानमंडल के बजट सत्र की कार्यवाही आज बारहवें दिन सुचारू ढंग से चली। विधानसभा में प्रश्नोत्तर काल छोटी–मोटी नोंक–झोंक के बीच पूरा किया गया। हालांकि शून्य काल में विधानसभा अध्यक्ष द्वारा राजद विधायकों द्वारा आरक्षण की सीमा पचासी प्रतिशत किये जाने से संबंधित कार्यस्थगन प्रस्ताव को अस्वीकार किये जाने के बाद थोड़ी देरे के लिए हंगामे की स्थिति बनी। विपक्षी सदस्यों ने वेल में आकर नारेबाजी और प्रदर्शन किया। सदन में आज शराबबंदी का मामला फिर उठा। कांग्रेस विधायक अभिषेक रंजन ने शराबबंदी नीति पर सवाल उठाते हुए इसे असफल बताया। भोजनावकाश के बाद विधानसभा में ग्रामीण कार्य विभाग के बजट अनुदानों पर चर्चा की

गयी। मंत्री के उत्तर के बाद सदन ने ग्यारह हजार तीन सौ बारह करोड़ सत्रह लाख निन्यानवे हजार का विभागीय बजट पारित कर दिया।

---

ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी ने कहा है कि अगले तीन वर्षों में राज्य के ग्यारह हजार से अधिक टोलों में संपर्क पथ बनाए जायेंगे। श्री चौधरी ने विधानसभा में इस संबंध में चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि सौ से एक सौ पचास परिवार की आबादी वाले इन टोलों में करीब चौदह हजार किलोमीटर सड़कों का निर्माण प्रस्तावित है।

———बाइट———

---

श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण मंत्री संजय टाईगर ने कहा है कि प्रवासी मजदूरों की अन्य प्रदेशों या विदेशों में सामान्य मृत्यु होने पर भी उनके पार्थिव शरीर को घर तक सरकारी खर्च पर लाये जाने के प्रस्ताव पर गंभीरता से विचार किया जाएगा। श्री टाईगर ने विधानसभा में एक प्रश्न के उत्तर में बताया कि फिलहाल यह व्यवस्था दुर्घटना में मृत्यु की स्थिति में लागू है।

———बाइट———

एआईएमआईएम के अख्तरूल ईमान ने आज सदन में प्रवासी मजदूरों से जुड़े इस मुद्दे को उठाया।

———बाइट———

---

कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा है कि राज्य सरकार कृषि रोड मैप के तहत किसानों को सशक्त बनाने के लिए गंभीर प्रयास कर रही है। पटना में पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री यादव ने कहा कि दो हजार आठ से लागू कृषि रोड मैप के जरिए कृषि क्षेत्र में व्यापक प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ सीधे किसानों तक पहुंचाया जा रहा है।

———बाइट———

---

विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने शून्य काल को ऑनलाइन करने के लिए सभा सचिवालय के वरीय पदाधिकारियों और नेवा टीम के साथ समीक्षा बैठक की।

विधानसभा अध्यक्ष ने व्यवस्था दी कि शून्य काल में माननीय सदस्य बिना पूर्व सूचना के तत्कालिक महत्व के जनहित और लोकहित के मुद्दे उठा सकते हैं।

---

इधर, विधान परिषद की कार्यवाही के दौरान आज कई जनसरोकार के मुद्दों पर चर्चा हुई। चर्चा के दौरान पटना में मेदांता अस्पताल के पास से गरीब परिवारों को हटाए जाने, मसौढ़ी में मैट्रिक छात्रा की आत्महत्या और टैक्स विभाग के प्रबंधकों के मानदेय भुगतान में देरी जैसे विषय प्रमुख रूप से उठाए गए। इस दौरान ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी और राजद के सुनील सिंह के बीच तीखी नोकझोंक भी देखने को मिली। भोजनावकाश के बाद सदन में ग्रामीण विकास विभाग के बजट अनुदान पर चर्चा की गयी।

---

वाल्मीकिनगर के सांसद सुनील कुमार ने कहा है कि केंद्र सरकार का बजट जनहित का बजट है। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में श्री कुमार ने कहा कि इस वर्तमान केंद्रीय बजट से राज्य में महिला सशक्तिकरण का मार्ग प्रशस्त होगा।

---बाइट---

---

रमजान का चाँद आज प्रदेश के अधिकतर स्थानों में देखा गया। इसके साथ ही पवित्र महीना रमजान की शुरूआत हो गयी है। कल श्रद्धालु पहला रोजा रखेंगे। इमारत–ए–शरिया, बिहार, झारखंड, ओडिशा के काजी–ए–शरीयत हजरत मौलाना मोहम्मद अंजार आलम कासमी ने इसकी पुष्टि की है।

---बाइट---

इधर, इमारत–ए–अहले हदीस, इदार–ए–शरिया, शिया–रूअते–हेलाल कमिटी समेत सभी प्रमुख धार्मिक और सामाजिक संगठनों ने भी चाँद देखे जाने की पुष्टि की है। राज्यपाल आरिफ मोहम्मर खां, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोगों को रमजान की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

---

पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव के लिए नामांकन का कार्य आज समाप्त हो गया। नामांकन के अंतिम दिन सेंट्रल पैनल और काउंसिल मेम्बर पदों के लिए विभिन्न छात्र संगठनों के प्रतिनिधियों ने अपना नामांकन दाखिल किया। विश्वविद्यालय के चुनाव अधिकारी शंकर प्रसाद ने बताया कि अध्यक्षपद के लिए सोलह, उपाध्यक्ष के लिए नौ, महासचिव के लिए नौ, संयुक्त सचिव के लिए आठ और कोषाध्यक्ष के लिए नौ उम्मीदवारों ने पर्चा भरा है। उन्होंने बताया कि कल प्रारंभिक उम्मीदवारों की सूची जारी की जाएगी। वहीं, इक्कीस फरवरी को अंतिम सूची प्रकाशित होगी। मतदान अट्‌ठाईस फरवरी को होगा।

---

बिहार बोर्ड की मैट्रिक परीक्षा के दूसरे दिन आज दोनों पालियों की परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि इस दौरान सभी केंद्रों पर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये थे। इससे पहले, कल परीक्षा के पहले दिन प्रदेशभर से कदाचार के आरोप में पांच परीक्षार्थियों को निष्कासित किया गया। वहीं, दूसरे के बदले परीक्षा देते हुये नौ फर्जी परीक्षार्थी पकड़े गये हैं।

---

कुख्यात नक्सली सुरेश कोड़ा उर्फ मुस्तकीम ने आज मुंगेर में एसटीएफ ओर डीआईजी के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। उसने एक ए.के–सैंतालीस, एक ए.के–छप्पन राईफल, दो इंसास राईफल और भारी संख्या में कारतूस पुलिस के सामने जमा कर दिये। बिहार, झारखंड और आस–पास के प्रदेशों में विभिन्न नक्सली बारदातों में शामिल सुरेश कोड़ा पर प्रशासन ने तीन लाख रुपये का इनाम रखा था। सुरेश कोड़ा पिछले पच्चीस वर्षों से फरार चल रहा था।

---

आईसीसी टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्‍व कप में आज भारत और नीदरलैंड्स के बीच अहमदाबाद के मोटेरा में मुकाबला खेला जा रहा है। ताजा जानकारी के अनुसार भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह ओवर में दो विकेट खोकर अड़तालीस रन बना लिये हैं। गौरतलब है कि भारत पहले ही ग्रुप ए से सुपर एट के लिए क्वालिफाई कर चुका है। इधर, ग्रुप–ए के ही एक अन्य महत्वपूर्ण मुकाबले में पाकिस्तान ने नामिबिया को एक सौ दो रनों से पराजित कर दिया। इस जीत के साथ ही सुपर एट में पाकिस्तान का स्थान लगभग पक्का हो गया है।

---

निगरानी विभाग की टीम ने मुजफ्फरपुर के सदर थाना में तैनात सब–इंस्पेक्टर भास्कर कुमार मिश्रा को पंद्रह हजार रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार एसआई पर अपरहण के एक मामले में पीड़ित पक्ष से केस में सहूलियत देने और केस डायरी में हेरफेर करने के एवज में रिश्वत मांगने का आरोप है।

---

पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव ने पटना में नीट छात्रा की संदिग्ध मौत मामले में अदालत से स्वतः संज्ञान लेने की मांग की है। नई दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि सीबीआई जांच में निष्पक्ष कार्रवाई की उन्हें उम्मीद है, लेकिन इस प्रकरण में संबंधित डॉक्टरों, अस्पताल कर्मियों से भी पूछताछ होनी चाहिए। श्री यादव ने कहा कि छात्रा की मृत्यु संदिग्ध परिस्थितियों में हुई है। इसलिए हर पहलू की वैज्ञानिक और निष्पक्ष जांच जरूरी है।

---

सहरसा के मंडल कारा परिसर में आज फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान रोग से बचाव के लिए कैदियों को डीईसी और एल्वेंडाजोल की दवा खिलायी गयी।

---

बेगूसराय नगर निगम की महापौर पिंकी देवी ने निगम क्षेत्र में बुडको द्वारा किये जा रहे कार्यों पर प्रश्न उठाए हैं। उन्होंने कहा कि काम में जानबूझकर देरी से जनता को विकास योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

---

पश्चिम चंपारण के रामनगर थाना क्षेत्र में मोतीपुर पुल के पास एक ट्रैक्टर ने मोटरसाईकिल को टक्कर मार दी। हादसे में मोटरसाईकिल सवार दो युवक नहर में गिर गए। एक युवक सकुशल निकल आया, लेकिन दूसरा युवक डूब गया।

---

शेखपुरा की पोक्सो अदालत ने नाबालिग युवती को जबरदस्ती अनैतिक कार्यों में धकेलने के मामले में दोषी को दस साल की सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही अदालत ने पांच हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. निर्वाचन आयोग ने बिहार समेत दस राज्यों में राज्यसभा की सैंतीस सीटों के लिए चुनाव की तारीख घोषित की। मतदान सोलह मार्च को होगा।

02 विधानसभा में ग्रामीण कार्य विभाग का ग्यारह हजार तीन सौ बारह करोड़ रुपये से अधिक का बजट पारित।

03. पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव के लिए नामांकन का कार्य आज समाप्त। अध्यक्ष पद के लिए सोलह उम्मीदवारों ने भरा पर्चा।

04. और, इस्लामिक कैलेंडर के पवित्र महीने रमजान का चाँद देखा गया। कल पहला रोजा रखा जाएगा।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।